अमर उजाला 12/08/2023

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज जीता

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। कैंट स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई। प्रतियोगिता हरियाणा राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद पंचकूला के तत्वावधान में हुई। इनमें लिखित परीक्षा के लिए आठ टीमों का चयन किया।

उन्होंने मौखिक प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। मौखिक प्रश्नोत्तरी का शुभारंभ कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. रचना खन्ना ने किया। इसमें विज्ञान से कई विषयों पर चार राउंड रहे। इसमें प्रथम स्थान और द्वितीय स्थान पर जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट, तृतीय स्थान पर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला कैंट की टीम रही। क्विज मास्टर की भूमिका डॉ. शिखा जग्गी ने निभाई। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. एसके पांडे ने बताया कि प्रथम 5 टीमें जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस मौके पर डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. नियति शर्मा ने सब्जेक्ट एक्सपर्ट की भूमिका निभाई। इस मौके पर अन्य साइंस के स्टाफ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में रचना खन्ना ने विभिन्न विजेता टीमों को सर्टिफिकेट प्रदान कर बच्चों को प्रोत्साहित किया।